# हिंदी दक्षता (Language Education-Hindi)
# डी.एल.एड. - द्वितीय वर्ष, कोर्स कोड-205

समय: 3 घंटे    अधिकतम अंक: 75

सामान्य निर्देश-

- इस प्रश्न पत्र में चार भाग हैं, भाग-1, भाग-2, भाग-3,और भाग-4
- प्रत्येक भाग के प्रश्न अनिवार्य हैं ।
- भाग-1 में 1-1 अंक के 10 बहुविकल्पीय प्रश्न दिए गए हैं, सही उत्तर/ विकल्प चुनकर लिखिए ।
- भाग-2 में 2-2 अंक के 5 बहुविकल्पीय प्रश्न दिए गए हैं, सही उत्तर/ विकल्प चुनकर लिखिए ।
- भाग-3 में 3-3 अंक के 8 प्रश्न दिए गए हैं, किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों में लिखिए ।
- भाग-4 में 8-8 अंक के 8 प्रश्न दिए गए हैं, किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 300 शब्दों में लिखिए ।

**भाग-1 बहुविकल्पीय प्रश्न (10X1=10)**

प्रश्न- 1 पश्चिमी हिंदी में कौनसी भाषाएँ आती हैं?

(अ) बघेली, बिहारी, अवधी
(ब) ब्रजभाषा, कन्नौजी, बॉगरू
(स) कुमाउँनी, गढ़वाली, छतीसगढ़ी
(द) तुर्की,अरबी,हिंदवी

प्रश्न- 2 भाषा के मानकीकरण के लिए महत्वपूर्ण है ।

(अ) निपात, अवधारक, आगत, विदेशज
(ब) शुद्धता, मानकता, बोलना, लिखना
(स) चयन, प्रसार, प्रयोग, स्वीकृति
(द) उच्चारण, बलाघात, अनुतान, संगम

प्रश्न- 3 एकादश किस भाषा का शब्द है ।

(अ) प्राकृत
(ब) अपभ्रंश
(स) संस्कृत
(4) हिंदी

प्रश्न- 4 राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रुपरेखा 2005 के मुख्य सिद्धांत हैं-

(अ) भाषा से बच्चों व अभिभावको को जोड़ना

(ब) सामाजिक बदलाव करना ।

(स) स्कूली शिक्षा उपलब्ध कराना ।

(द) ज्ञान को स्कूल के बाहरी जीवन से जोड़ना।

प्रश्न- 5 रत्नाकर' शब्द में कौन सी संधि है

(अ) यण

(ब) गुण

(स) अयादि

(द) दीर्घ

प्रश्न- 6 रोला छन्द है-

(अ) सममात्रिक

(ब) वर्णिक

स) मात्रिक

(द) मुक्त

प्रश्न- 7 अर्थ के आधार पर क्रिया-विशेषण' के कितने भेद हैं?

(अ) 2

ब) 5

स) 4

(द) 3

प्रश्न- 8 जिस समास में प्रथम पद प्रधान होता है, उसे कहते हैं -

(अ) द्वन्द

ब) अव्ययीभाव

स) तत्पुरुष

(द) द्विगु

प्रश्न- 9 'छत्रसाल दशक' किसकी रचना है?

(अ) सूरदास

(ब) नंददास

(स) भूषण

द) रहीम

प्रश्न- 10 प्रकृति के सुकुमार कवि किसे कहा जाता है?

क) निराला

(ख) पंत

स) भूषण

द) महादेवी वर्मा

## भाग-2 अभिकथन एवं तर्क से संबंधित प्रश्न (5X2=10)

नीचे दिए गए प्रश्नों के अंतर्गत प्रत्येक प्रश्न के लिए दो-दो कथन दिए गए हैं। जिन्हें अभिकथन और तर्क के द्वारा चिहिन्त किया गया है। कथनों को ध्यान से पढ़ते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए।

**प्रश्न-11**

अभिकथन- बहुभाषिकता भारतीय अस्मिता का एक अभिन्न अंग है।

तर्क- बहुभाषिकता संज्ञानात्मक लचीलापन एवं सामाजिक सहिष्णुता को जन्म देती है।

अ. अभिकथन सही है, परंतु तर्क गलत है।

ब. अभिकथन गलत है, परंतु तर्क सही है।

स. अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं और तर्क, अभिकथन की सही व्याख्या करता है।

द. अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं परंतु तर्क, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं करता।

**प्रश्न-12**

अभिकथन- उपसर्ग शब्द उन शब्दाशों को कहते हैं जो किसी शब्द के पहले जुड़कर उसका अर्थ बदल देते हैं।

तर्क- अपमान, अवगुण, अभिप्राय, अपनापन यह सभी उपसर्ग के उदाहरण हैं।

अ. अभिकथन सही है, परंतु तर्क गलत है।

ब. अभिकथन गलत है, परंतु तर्क सही है।

स. अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं और तर्क, अभिकथन की सही व्याख्या करता है।

द. अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं परंतु तर्क, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं करता।

**प्रश्न-13**

अभिकथन - साहित्य समाज का अभिन्न अंग है।

तर्क- यह समाज को दिशा प्रदान करता है।

अ. अभिकथन सही है, परंतु तर्क गलत है।

ब. अभिकथन गलत है, परंतु तर्क सही है।

स. अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं और तर्क, अभिकथन की सही व्याख्या करता है।

द. अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं परंतु तर्क, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं करता।

**प्रश्न-14**

अभिकथन - चिंतन का अर्थ सोचने-,समझने, कल्पना करने और विचार-विमर्श करने से लिया जाता है।

तर्क- चिंतन कौशल की विधियां हैं- परिचर्चा, वाद विवाद, प्रश्नोत्तर, पल्लवन, विश्लेषण आदि।

अ. अभिकथन सही है, परंतु तर्क गलत है।

ब. अभिकथन गलत है, परंतु तर्क सही है।

स. अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं और तर्क, अभिकथन की सही व्याख्या करता है।

द. अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं परंतु तर्क, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं करता।

**प्रश्न-15**

अभिकथन- अनुवाद एक कला है ।

तर्क- अनुवाद एक कला होने के साथ-साथ एक प्रक्रिया भी है ।

अ. अभिकथन सही है, परंतु तर्क गलत है ।

ब. अभिकथन गलत है, परंतु तर्क सही है ।

स. अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं और तर्क, अभिकथन की सही व्याख्या करता है ।

द. अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं परंतु तर्क, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं करता ।

## भाग- 3 लघु-उत्तरात्मक प्रश्न (5X3=15)

प्रश्न- 16 हिंदी भाषा के प्रमुख गुणों और दोषों को स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न- 17 दोहा, सोरठा और रोला की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए ?

प्रश्न- 18 भक्तिकाल की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

प्रश्न- 19 निदानात्मक चिंतन एवं आलोचनात्मक चिंतन में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न- 20 कबीरदास जी को समाज सुधारक क्यों कहा जाता है? उपयुक्त उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न- 21 किन्हीं तीन रसों के उदाहरण उनके स्थायी भाव सहित प्रस्तुत कीजिए ।

प्रश्न- 22 पत्रकारिता की प्रमुख विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न- 23 क्रियात्मक अनुसंधान के प्रमुख सोपानों की चर्चा कीजिए ।

## भाग-4 निबंधात्मक प्रश्न (5X8=40)

प्रश्न- 24 भाषा-सौन्दर्य वृद्धि में अलंकारों की उपयोगिता किस प्रकार से है? सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों लिए अलंकार शिक्षण से संबंधित पाठ-योजना तैयार कीजिए ।

प्रश्न-25 बाल साहित्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में किस प्रकार सहायक है? प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए बाल साहित्य की रचना करते समय एक शिक्षक को किन-किन बिंदुओं को ध्यान में रखना चाहिए ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न-26 चिंतन कौशल से क्या अभिप्राय है ? चिंतन कौशल के महत्व का वर्णन कीजिए ।

प्रश्न-27 "अनुवाद वर्तमान समय की माँग है" इस उक्ति को ध्यान में रखते हुए आप उन क्षेत्रों का उल्लेख कीजिए जिनमें अनुवाद की महती आवश्यकता समझते हैं । अपने उत्तर की पुष्टि तर्क सहित कीजिए ।

प्रश्न-28 राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा, 2005 में त्रिभाषा सूत्र की संकल्पना किस रूप में की गई है ? त्रिभाषा सूत्र के क्रियान्वयन में किन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है? इससे संबंधित कुछ युक्तियाँ सुझाइए।

प्रश्न-29 एक विद्यालय में कक्षा चार अनुभाग 'अ' की अध्यापिका सीमा बच्चों को हिंदी भाषा सिखाने के लिए बहुत अधिक प्रयास करती है । इसके लिए वह बच्चों को कक्षा में केवल हिंदी भाषा बोलने के लिए प्रेरित करती है और उनकी मातृभाषा को नकारती है; वहीं दूसरी ओर उसी विद्यालय में कक्षा चार अनुभाग 'ब' की अध्यापिका मोनिका भी बच्चों को हिंदी भाषा सीखने के लिए प्रेरित करती है । वह कक्षा के वातावरण में बहुभाषिकता को स्थान देकर विद्यार्थियों को हिंदी भाषा तक ले जाने का प्रयास करती है दोनों ही अध्यापिकाएँ कक्षा में हिंदी भाषा सिखाना चाहती हैं । आपके विचार में कौन-सी अध्यापिका विद्यार्थियों को सहजता से हिंदी भाषा सिखा पाएगी और उनमें सृजनात्मकता का विकास कर सकेगी और क्यों? उपयुक्त उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न-30 रमेश हिंदी विषय का अध्यापक है । वह अपने विद्यार्थियों में सृजनात्मक चिंतन कौशल का विकास करना चाहता है । आप के मतानुसार रमेश को विद्यार्थियों में सृजनात्मक चिंतन कौशल का विकास करने के लिए कौन-कौन से प्रयास करने चाहिए । अपने उत्तर' की पुष्टि उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न-31 हिंदी भाषा का वैश्वीकरण क्यों आवश्यक है? विश्व पटल पर हिंदी भाषा को स्थापित करने के संदर्भ में आप कौन-कौन से कदम उठाएंगे ? विस्तारपूर्वक उल्लेख कीजिए ।